[This question paper contains 2 printed pages]

Roll No.	

ASME-23B-HLIT-I

हिन्दी साहित्य (पेपर-I)

HINDI LITERATURE (PAPER-I)

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 100

प्रश्न पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।

1. इस प्रश्नपत्र में कुल आठ प्रश्न हैं जो हिन्दी में छपे हैं ।
2. प्रश्न संख्या 1 का उत्तर देना अनिवार्य है । शेष सात प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए।
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं । प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का विभाजन प्रत्येक प्रश्न / प्रश्न के भाग के सामने इंगित किए गए हैं। उत्तर स्पष्ट लिखावट में लिखिए । प्रश्न का उत्तर पूछे गए क्रम के अनुसार ही दीजिए।
4. प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रुप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर की गणना भी की जाएगी यदि उसे काटा नहीं गया हो । उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ें गए कोई भी पृष्ट अथवा उसके अंश को स्पष्ट रूप से काट दीजिए ।
5. उत्तर-पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन / पुन: जाँच की अनुमति नहीं है ।

1. निम्न में से किन्ही दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए : 10+10 = 20

(अ) मध्यकाल में ब्रज भाषा का विकास

(आ) छायावाद की प्रवृतियाँ

(इ) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता

(ई) तुलसी के काव्य में लोकमंगल की भावना

2. आदिकाल की राजनीतिक परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए चारण काव्य की विशेषताएं बताइए । 20

3. द्विवेदी युगीन काव्य का सामान्य परिचय देते हुए उसकी प्रमुख प्रवृतियों का उल्लेख कीजिए । 20

4. 'जायसी का पद्मावत इतिहास और कल्पना का समन्वित रूप है' – सिद्ध कीजिए। 20

5. 'राम की शक्ति पूजा में निराला का अंत: संघर्ष व्यक्त हुआ है' – सोदाहरण विवेचना कीजिए । 20

6. आंचलिकता की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए 'मैला आँचल' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । 20

7. रामधारी सिंह दिनकर की काव्य कला पर प्रकाश डालिए । 20

8. हिन्दी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालते हुए जयशंकर प्रसाद का नाटक विधा में स्थान सुनिश्चित कीजिए । 20